सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 08.07.2024

हर्ष फायरिंग कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **सोशल मीडिया सेल** एवं **थाना बसरेहर पुलिस** द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 07.07.24 को थाना बसरेहर क्षेत्रान्तर्गत 01 युवक का समारोह मे हर्ष फायरिंग करते हुये वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। सोशल मीडिया सेल द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये थानाध्यक्ष बसरेहर को अवगत कराया गया। सूचना पर तत्काल थाना **बसरेहर पर मु0अ0सं0 54/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध तमन्चे के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो/रील बनाने वालों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 08.07.2024 को थाना बसरेहर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर सोशल मीडिया पर वीडियो डालने वाले युवक की गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत थी इसी दौरान **अभियुक्त राघवेन्द्र उर्फ शिवा पुत्र अवधेश कुमार को ग्राम रम्पुरा के बम्बिया तिराहे से समय करीब 12.10 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस बरामद किये गये। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि कुछ दिन पहले मैंने इसी तमंचे से शादी समारोह में फायर किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राघवेन्द्र उर्फ शिवा पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम रम्पुरा थाना बसरेहर जनपद इटावा **उम्र 26 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 54/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बसरेहर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमन्चा 315 बोर
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री यशोदा रानी प्रभारी सोशल मीडिया सेल, का0 अभय शुक्ला, का0 अमन चौधरी, का0 राहुल प्रजापति, का0 नीरज पाल।

द्वितीय टीमः- थानाध्यक्ष श्री समित चौधरी थाना बसरेहर, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 राजेन्द्र सिंह, हे0का0 संदीप कुमार, का0 राहुल कुमार।